(145

बिहार सरकार

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना 14

## राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार में वित्त प्रबंधक एवं लेखा प्रबंधक के पद पर संविदा पर नियोजन हेतु पैनल निर्माण के लिए अवकाश प्राप्त पदाधिकारियों से आवेदन का आमंत्रण

राज्य स्वास्थ्य समिति स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लेखा के संधारण एवं वित्त के प्रबंधन आदि कार्यो हेतु निम्नलिखित पदों के लिए संविदा पर नियोजन हेतु पैनल का निर्माण किया जाना है।

इस हेतु निम्न पदों के लिए अर्हत्ताधारी अवकाश प्राप्त इच्छुक भारतीय नागरिकों से आवेदन की माँग की जाती है :-

| क्रम सं० | पद का नाम | आयु सीमा (दिनांक 01.08.2014 तक) | योग्यता/अर्हता | कोटि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्त प्रबंधक | अधिकतम 64 वर्ष | महालेखाकार कार्यालय से सेवानिवृत वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | सामान्य |
| 2 | लेखा प्रबंधक | अधिकतम 64 वर्ष | महालेखाकार कार्यालय से सेवानिवृत लेखापरीक्षा अधिकारी | सामान्य |

<u>सामान्य शर्त :-</u>

1. **चयन का आधार :-**
   (क) अर्हत्ता प्राप्त सेवानिवृत पदाधिकारियों का पैनल का निर्माण करने के उपरांत भविष्य में आवश्यकतानुरूप साक्षात्कार के आधार पर संविदा पर नियोजन किया जायेगा।
   (ख) अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ आवेदन में वर्णित सभी कागजातों की छायाप्रति राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कराकर संलग्न करना होगा। नियोजन के बिन्दु पर अंतिम निर्णय मूल कागजातों के सत्यापन के पश्चात हीं लिया जायेगा।

2. **मानदेय :-**
   संविदा पर नियोजन की स्थिति में पदधारकों को **अंतिम प्राप्त वेतन भुगतान - पेंशन = मानदेय** ही अनुमान्य होगा।

3. **पैनल की अवधि :-**
   यह पैनल एक वर्ष के लिए प्रभावी माना जायेगा ।

4. **नियोजन की अवधि :-**
   उक्त पैनल के आधार पर दोनों पदों पर नियोजन प्रथमतः एक वर्ष के लिए किया जायेगा। तदोपरान्त आवश्यकतानुसार, सेवा संतुष्टि एवं कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर नियोजन की अवधि को नियमानुसार विस्तारित किया जा सकेगा।

**5. आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया :-**

(क) एक अभ्यर्थी का एक से ज्यादा आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(ख) आवेदन पत्र के साथ नोटरी या प्रथम श्रेणी के दंडाधिकारी के समक्ष लिया गया इस आशय का शपथ-पत्र संलग्न करना होगा कि :-

(i) आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में अंकित सभी सूचनाएँ सत्य हैं।

(ii) अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई भी विभागीय कार्यवाही लंबित नहीं है।

(iii) अभ्यर्थी के विरूद्ध भारत के किसी भी न्यायालय में कोई मुकदमा लंबित नहीं है एवं दंडित नहीं किया गया है।

(ग) आवेदक को आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित कागजातों/दस्तावेजों की अभिप्रमाणित छायाप्रति (राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा) समर्पित करना होगा :-

(i) मैट्रिक का प्रमाण पत्र।

(ii) उच्चतर शैक्षणिक उपाधि का प्रमाण पत्र।

(iii) सेवानिवृति के समय धारित पद एवं सेवानिवृति की तिथि का साक्ष्य।

(iv) कंडिका 5 'ख' के अनुसार नोटरी या प्रथम श्रेणी के दंडाधिकारी के समक्ष लिया गया शपथ पत्र।

(ध) आवेदन का विहित प्रपत्र राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के वेबसाईट www.statehealthsocietybihar.org से डाउनलोड कर भरा जा सकता है। विहित प्रपत्र से भिन्न अथवा अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(ड़.) आवेदन पत्र **दिनांक 30.07.2014 के संध्या 05:00 बजे तक** कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना-800 014 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जा सकता है। कुरियर अथवा हाथो-हाथ भेजे गये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

**6.** राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को यह अधिकार होगा कि बिना कोई कारण बताये चयन प्रक्रिया को किसी भी समय रद्द कर सकती है।

(आनंद किशोर)
कार्यपालक निदेशक
-सह-
सचिव, स्वास्थ्य विभाग

165

# Application Form

| | |
|---|---|
| ***Application for the post of*** | |
| Name (In English) | |
| नाम (हिन्दी में) | |
| Father's/ Husband's Name | |
| Date of Birth | |
| Date of Joining | |
| Age (as on 01.08.14) | |
| Marital Status | |
| Nationality | |
| Category | |
| Present Address | |
| Permanent Address | |
| Contact Number | |
| E-mail ID | |
| Name of the Post and Details of office address from where the applicant retired | |

Affix recent photograph

***Academic background (Starting from highest)***

| SN | Qualification | School/Institute /University | Year of passing | Percentage of Marks/ grades obtained (if any |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | | | | |

| | |
|---|---|
| Whether an affidavit sworn before Notary or First Class Magistrate has been attached ? | Yes/No |

Whether you have attached the relevant documents as per notice, please mention the details of the enclosures :-

1.
2.
3.
4.
5.
6.

I hereby declare that the information furnished above is true to the best of my knowledge and belief and I fully understand that if any information given above is found false, my candidature is liable to be rejected at any time without any notice by the authority.

Place :-
Date :-

Signature of the applicant